**<u>प्रादेशिक समाचार</u>**
**<u>दिनांक–25.05.2024 (संध्या 1900 बजे)</u>**

**<u>मुख्य समाचार</u>**

- **झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर 61 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज, रांची में 58, गिरिडीह और जमशेदपुर में 64–64 फीसदी और धनबाद में 58 प्रतिशत हुई वोटिंग।**
- **झारखंड की चार लोकसभा सीटों पर मतदाताओं में दिखा उत्साह, आम और खास ने भी किये मतदान, राज्यसभा के उपसभापति, राज्यपाल और पूर्व क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी ने भी डाले वोट।**
- **चुनाव आयोग ने जारी किया लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में पड़े वोटों की संख्या का डेटा, नहीं हो सकता है कोई भी बदलाव।**
- **लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार में आयी तेजी, पाकुड़ में भाजपा के स्टार प्रचारक सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और नाला में झामुमो की कल्पना सोरेन ने की चुनावी सभायें।**
- **बंगाल की खाड़ी में उठे चक्रवातीय तूफान 'रेमल' के कारण राज्य में बदलेगा मौसम का मिजाज, 31 मई तक कई इलाकों में गरज के साथ बारिश का पूर्वानुमान, वज्रपात के भी आसार।**

**<u>***************</u>**

राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए आज मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। ऐसे में मतदान को लेकर बूथों पर कैसा माहौल रहा।

**<u>***************</u>**

छठे चरण में राज्य की चार लोकसभा सीटों रांची, गिरिडीह, धनबाद और जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र के लिए आज मतदान आमतौर पर शांतिपूर्ण रहा। सवेरे सात बजे से शाम पांच बजे तक दिन भर वोटिंग हुई। इस दौरान संबंधित जिलों में लोकतंत्र का पर्व हर ओर देखने को मिला। वोटरों ने जमकर अपने मताधिकार का उपयोग किया। खास और आम सभी ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा लेकर जिम्मेदार नागरिक होने का दायित्व निभाया। राज्य की अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार इस चरण में 61 दशमलव चार एक फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। हालांकि ये प्रारंभिक आंकड़े हैं, इसमें और वृद्धि हो सकती है।

**<u>***************</u>**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आज झारखंड की चार समेत छह राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों के 58 संसदीय क्षेत्रों में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार इस चरण में 57 दशमलव सात शून्य फीसदी मतदान हुआ। पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक करीब अठहत्तर फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वहीं उत्तर प्रदेश में सबसे कम 52 दशमलव शून्य दो फीसदी वोटिंग हुई। हरियाणा में 55 दशमलव सात तीन फीसदी, बिहार में 52 दशमलव दो चार प्रतिशत, दिल्ली में 53 दशमलव सात तीन फीसदी, ओडिसा में 59 दशमलव छह शून्य प्रतिशत और जम्मू कश्मीर में 51 दशमलव तीन पांच फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस चरण के साथ ही कई दिग्गजों और प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गयी, जिसका पटाक्षेप आगामी चार जून की मतगणना के साथ होगा।

**<u>***************</u>**

राज्य की चार लोकसभा सीटों के लिए आज हुए मतदान में आम और खास सभी मतदाताओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सवेरे से ही मतदाताओं में वोटिंग को लेकर खासा उत्साह देखा गया। मतदान केन्द्रों पर पहली बार वोट करनेवाले युवाओं की संख्या भी अच्छी खासी देखी गयी। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने रांची स्थित एक मतदान केन्द्र पर वोट किया। वहीं राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने रांची के एटीआई मतदान केंद्र और ओड़िशा के राज्यपाल रघुवर दास ने जमशेदपर के एक बूथ पर मतदान किया। इसके अलावा और विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर, विधायक राज सिन्हा ने धनबाद और अनूप कुमार सिंह ने बेरमो, झामुमो नेत्री कल्पना

सोरेन ने रांची, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी और विधायक बिरंची नारायण ने बोकारो में मतदान किया। इधर रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने राजधानी रांची के ओटीसी ग्राउण्ड तथा कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने रांची स्थित मतदान केन्द्र पर मतदान किया, जबकि धनबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने धनबाद में और कांग्रेस की उम्मीदवार अनुपमा सिंह ने बोकारो में मतदान किया। राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार ने डोरंडा स्थित मतदान केन्द्र में वोट डाला, जबकि अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह और डॉ0 नेहा अरोड़ा ने भी अपने–अपने बूथों पर मतदान किया। राज्य पुलिस नोडल अधिकारी अमोल वी होमकर और रांची प्रक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक अनूप बिरथरे ने रांची में मतदान किया। वहीं रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने रांची स्थित एक मतदान केन्द्र पर वोट डाला। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने पत्नी साक्षी धोनी और अपने माता–पिता के साथ रांची के मेकॉन स्थित जेवीएम श्यामली स्कूल में बने मतदान केंद्र में वोट डाला।

***************

धनबाद में चुनाव के दौरान मतदाताओं की सुविधा के लिए आज जिला प्रशासन ने विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई। इसके तहत मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए निःशुल्क बसों का परिचालन विभिन्न चौक–चौराहों से किया गया। इसके अलावा गली–मोहल्लों में निःशुल्क ई–रिक्शा की भी व्यवस्था की गई थी, जिसके माध्यम से बुजुर्ग और दिव्यांग वोटरों को मतदान केंद्रों तक आने–जाने में सहूलियत हुई। इधर, गिरिडीह जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गयी थी, जिससे आम लोगों ने भयमुक्त होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, राजधानी रांची के कांके रोड स्थित जवाहर नगर में एक बूथ पर कड़ी धूप के कारण मतदाताओं को काफी परेशानी हो रही थी। इसकी जानकारी मिलते ही जिले के वरीय पुलिस अधीक्षक चन्दन कुमार सिन्हा ने पुलिस लाइन से शामियाना मंगवाकर बूथ पर लगवाया।

***************

चुनाव आयोग ने आज सभी चरणों के लिए वोट देने वाले मतदाताओं की कुल संख्या को पब्लिक डोमेन पर जारी कर दिया है। आयोग ने एक प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि फॉर्म 17सी के माध्यम से सभी उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों के साथ मतदान के दिन साझा किए गए वोटों के डेटा को कोई भी नहीं बदल सकता है। आयोग ने रेखांकित किया कि मतदान प्रतिशत डेटा जारी करने में कोई देरी नहीं हुई है।

***************

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में दुमका, गोड्डा और राजमहल संसदीय सीट के लिए एक जून को मतदान होगा। इसे लेकर चुनाव प्रचार चरम पर है। एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों का इन लोकसभा क्षेत्रों में धुआंधार प्रचार जारी है। इसी कड़ी में भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक सह केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज राजमहल लोकसभा सीट के पार्टी प्रत्याशी ताला मरांडी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उधर भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को दुमका में एक चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इधर इंडी गंठबंधन की ओर से झामुमो की स्टार प्रचारक सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने आज दुमका लोकसभा सीट के पार्टी प्रत्याशी नलिन सोरेन के समर्थन में नाला में चुनावी जनसभा को संबोधित किया।

***************

खूंटी जिले के विभिन्न प्रखंडों में बड़े पैमाने पर आम की बागवानी की गई है, जिससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे हैं।

***************

ग्रामीण विकास विभाग के तत्कालीन सचिव और वरिष्ठ आइएएस अधिकारी मनीष रंजन को प्रवर्तन निदेशालय, ईडी ने 28 मई को दुबारा पेश होने के लिए आज सम्मन जारी किया है। इससे पहले पूछताछ के लिए श्री रंजन को कल बुलाया गया था, लेकिन वे निदेशालय के कार्यालय नहीं पहुंचे और तीन सप्ताह का समय मांगा था। ग्रामीण विकास विभाग में कमीशनखोरी की जांच के दौरान ईडी को मिले साक्ष्यों के आधार पर आइएएस अधिकारी मनीष रंजन को पूछताछ के लिए सम्मन जारी किया गया है।

***************

आकाशवाणी रांची से आज राज्य में लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण के मतदान पर परिचर्चा का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इसे रात आठ बजे सुना जा सकता है। इस परिचर्चा में आकाशवाणी समाचार के पूर्व उपनिदेशक नीरज नाथ पाठक और बीबीसी हिंदी के कंसल्टेंट रवि प्रकाश शामिल होंगे।

***************

अपराध अनुसंधान विभाग, सीआईडी ने एक महिला सहित तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इन लोगों पर व्हाट्सएप के माध्यम से लिंक भेजकर पैसे को दस गुना करने का पहले लालच दिया गया, जिसके बाद छियानवे लाख रुपये की ठगी कर ली गयी। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 15 अलग–अलग बैंकों के खाते, छह मोबाइल फोन, कॉरपोरेट खातों से लिंक्ड पांच सिम कार्ड, नौ चेकबुक, कॉरपोरेट इंटरनेट बैंकिंग के पासवर्ड और व्हाट्सएप चैट सहित कई चीजें जब्त की गई हैं।

***************

मौसम विभाग ने राज्य के अधिकतर हिस्सों में कल से 31 मई तक गरज, वज्रपात और तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इस दौरान हवा की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक हो सकती है।

********समाप्त***************